PUBLICATION NAME :	Shah Times
EDITION :	Dehradun
DATE :	02/03/2025
PAGE :	07

ईडीआईआई का उद्यमिता पर 16वां द्विवार्षिक सम्मेलन आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद का तीन दिवसीय 16वां द्विवार्षिक सम्मेलन का समापन हो गया है। यह सम्मेलन शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और अभ्यासकर्ता के लिए एक मंच है ताकि वे उद्यमिता विकास के विभिन्न क्षेत्रों में अपने शोध अध्ययन और निष्कर्ष साझा कर सकें। सम्मेलन के दौरान, 9 से अधिक देशों के विद्वानों द्वारा 148 शोध पत्र और अध्ययन प्रस्तुत किए गए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए, डॉ. सुनील शुक्ला, डायरेक्टर जनरल, ईडीआईआई ने कहा, षद्विवार्षिक सम्मेलन लगातार दुनिया भर के शोधकर्ताओं और शिक्षकों को एक मंच प्रदान करता है, ताकि वे अपने विचारों और नवाचारों को साझा कर सकें जो उद्यमिता की जटिलताओं को समझने के लिए महत्वपूर्ण हैं